गृहस्त जीवन बसाने में महिलाओं की अहम भूमिका : कौशल्या

कसमार (बेरमो)। पेटरवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चरगी पंचायत मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर बुधवार को वीएनआर सीड्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधी सह धर्मपत्नी कौशल्या देवी, विशिष्ट अतिथि चरगी मुखिया रानी कुमारी मुर्मू, वीएनआर के मैनेजर विकास कुमार शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह महिलाएं घर को सीचने सवारने का काम करती है साथ ही घर पर गृहस्त जीवन बसाने का अहम भूमिका निभाती है। उसी प्रकार धान की बीज की परख भी महिलाओं में अत्यधिक होती है। उन्होंने कहा भारत की डेढ़ अरब आबादी के भूख को मिटाने के लिए फसलों की अच्छी पैदावार होनी आवश्यक है। जिसमें वीएनआर के अच्छे पैदावार के लिए जाना जाता है। वीएनआर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर विकास कुमार ने कहा कि वीएनआर उत्तम किस्म की धान की बीज, मकई की बीज सहित अन्य बीज किसानों को उपलब्ध कराती है। जिससे धान की पैदावार अच्छी हो और किसानों को अत्यधिक लाभ मिल सके। मौके पर वीएनआर प्रतिनिधि नरेंद्र महतो, धरती बीज भंडार के प्रोपराइटर धनेश्वर कुमार, सुलेखा देवी सहित 26 महिला समूह के महिलाएं सम्मिलित हुए।

दैनिक भास्कर

बोकारो 24-12-2022

वीएनआर ने मनाया राष्ट्रीय किसान दिवस

कसमार | कसमार प्रखंड अंतर्गत चंडीपुर में वीएनआर ने किसान दिवस मनाया। सभी किसानों को आधुनिक तकनीक और उन्नत किस्म के बीजों का उपयोग करने के लिए कहा गया। ताकि कम लागत में अधिक उपज हो सके। जिससें किसानों की आमदनी में इजाफा होगी। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में वीएनआर कंपनी के टेरेटरी मैनेजर विकास कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र महतो, वीएनआर कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर सुरेंद्र कुमार महतो, रिटेलर शैलेंद्र महतो, झगरू महतो, अशोक महतो, किसान भाई सतरूधन महतो समेत दर्जनों किसान शामिल हुए।